**खबर संक्षेप**

## अवैध लाइट, हूटर और सायरन पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

**शहडोल।** सडकों पर नियमों को ताक पर रखकर अवैध लाइट, हूटर और सायरन लगाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई तय है। माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 295/2012 (एस. राजशेखरन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य) में 07 अक्टूबर को पारित आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन और यातायात पुलिस ने सडक सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अब कानून तोडने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जांच और चेकिंग के दौरान यह गंभीर रूप से सामने आया है कि कई वाहन चालक और ऑटोमोबाइल दुकानदार बिना किसी सक्षम प्राधिकृत अनुमति के वाहनों में हाई बीम, हाई मास्क लाइट, व्हाइट डैज़लिंग लाइट, रेड-ब्लू स्ट्रोब लाइट, अवैध हूटर और सायरन फिट कर रहे हैं। यह न केवल मोटर व्हीकल अधिनियम, 1988 और सीएमवीआर का खुला उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की जान से सीधा खिलवाड़ भी है। तेज रोशनी और अनधिकृत सायरन के कारण सडक दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भारतीय मोटर वाहन एवं सडक सुरक्षा नियमों के अनुसार वाहनों में केवल मानक हैलोजन बल्ब अधिकतम 60 वाट और फॉग लाइट के लिए अधिकतम 55 वाट क्षमता के बल्ब ही लगाए जा सकते हैं। इसके अलावा हूटर, सायरन अथवा चेतावनी लाइट केवल शासकीय और प्राधिकृत वाहनों में ही विधिसम्मत अनुमति के बाद ही वैध हैं। नियमों की अनदेखी करने पर संबंधित वाहन चालक, वाहन स्वामी और अवैध फिटिंग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ मोटर व्हीकल अधिनियम, 1988 तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना, वाहन जब्ती, लाइसेंस निरस्तीकरण और आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने से भी प्रशासन पीछे नहीं हटेगा। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि सडक सुरक्षा से समझौता नहीं होगा। वाहन स्वामी और व्यापारी नियमों का पालन करें, अन्यथा कार्रवाई तय है। शहडोल में अब कानून का राज चलेगा, मनमानी नहीं।

### शर्मनाक! मेडिकल कॉलेज में हैवानियत की हदें पार

# नशे में धुत डॉक्टर ने किया महिला उपसरपंच के परिजनों से दुर्व्यवहार

**शहडोल।** विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े स्वास्थ्य केंद्र बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज शहडोल की छवि एक बार फिर कालिमा से पुत गई है। इस बार मानवता को शर्मसार करने वाली घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह संस्थान 'इलाज' से अधिक अमानवीयता का गढ़ बन चुका है। गायनी विभाग में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर की बेशर्म और राक्षसी हरकत ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की जड़ों को हिलाकर रख दिया है। आरोप है कि डॉक्टर न केवल शराब के तेज नशे में ड्यूटी कर रहा था, बल्कि उसने एक पीड़ित महिला मरीज के परिजनों के साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया और अत्यंत आपत्तिजनक तथा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इस भयावह घटना के बाद देर रात अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया और तनाव की पराकाष्ठा देखने को मिली।






### डॉक्टर का घिनौना बर्ताव

घटना बुढ़ार थाना क्षेत्र के चंगेरा गांव से जुड़ी है, गांव की निर्वाचित उपसरपंच शिवानी त्रिपाठी उम्र 34 वर्ष को देर रात करीब 10 बजे असहनीय प्रसव पीड़ा के कारण मेडिकल कॉलेज लाया गया। महिला का ऑपरेशन किया गया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था, नवजात बच्ची मृत अवस्था में पैदा हुई। इस हृदयविदारक त्रासदी के बाद भी, सदमे में डूबे परिवार को सुकून नहीं मिला, बल्कि उन्हें कर्तव्यनिष्ठ डॉक्टर के हाथों भीषण अपमान झेलना पड़ा।

### दर्द निवारक मांगने पर गाली-गलौज और बदसलूकी

परिजनों के अनुसार, नवजात की मौत के कुछ देर बाद यानी रात करीब 2 बजे, प्रसूता शिवानी त्रिपाठी को असहनीय पीड़ा होने लगी। दर्द से कराहती महिला के लिए जब उसकी एक बुजुर्ग महिला परिजन दर्द निवारक इंजेक्शन की गुहार लेकर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सीएमओ शशांक शर्मा के पास पहुंची, तो डॉक्टर का क्रूर चेहरा सामने आ गया। परिजनों का गंभीर आरोप है कि डॉक्टर शर्मा तेज नशे की हालत में थे और आगबबूला होकर उन्होंने महिला परिजन को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उन्होंने अत्यंत आपत्तिजनक और अभद्र शब्दों का प्रयोग किया, जो एक महिला के प्रति सरकारी डॉक्टर के मुँह से निकलना घोर अपराध है।

### क्या कभी बच्चा पैदा नहीं किया?

पीड़िता के पति दीपक त्रिपाठी ने मीडिया के सामने आकर अपनी पीड़ा और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बुजुर्ग भाभी के साथ खुलेआम बदसलूकी की गई और डॉक्टर ने नशे की धुन में शर्मनाक टिप्पणी करते हुए पूछा क्या कभी बच्चा पैदा नहीं किया, दर्द नहीं होता क्या? अमानवीयता की सारी हदें तोड़ते हुए डॉक्टर ने न सिर्फ मरीज का उपहास उड़ाया, बल्कि उन्हें तत्काल अस्पताल से डिस्चार्ज कर घर भेजने की धमकी भी दी, जबकि महिला की स्थिति बेहद नाजुक थी। परिजनों ने दावा किया है कि उनके पास वीडियो फुटेज मौजूद है, जिसमें डॉक्टर शर्मा नशे में धुत साफ नजर आ रहे हैं।

### हंगामा, पुलिस और गहरा आक्रोश

इस घिनौनी करतूत से आक्रोशित परिजनों ने तत्काल अस्पताल में जबरदस्त हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। पीड़ित परिवार ने आँसू और क्रोध के साथ सीधा सवाल उठाया है कि जब एक निर्वाचित महिला उपसरपंच के परिवार के साथ यह जंगली व्यवहार हो सकता है, तो सोचिए कि इलाज के लिए आए गरीब और आम मरीजों की यहाँ क्या दुर्दशा होती होगी। परिजनों ने प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और उच्चाधिकारियों से इस पूरे मामले की तत्काल शिकायत कर डॉक्टर के खिलाफ हत्या के प्रयास के बराबर सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना मेडिकल कॉलेज के सड़ चुके सिस्टम पर कालिख पोतती है। अब सबसे बड़ा और मर्माहत करने वाला सवाल यह है: क्या इस दोषी, नशेड़ी और बेलगाम डॉक्टर पर सरकार कोई मिसाल बनने वाली सख्त कार्रवाई करेगी, या फिर यह जघन्य अपराध भी अन्य मामलों की तरह उच्चाधिकारियों की फाइलों में हमेशा के लिए दफन कर दिया जाएगा? शहडोल की जनता न्याय की प्रतीक्षा कर रही है।

**इनका कहना है...**

शिकायत प्राप्त हुई है, परिजनों के पास कुछ वीडियो भी हैं, जिनमें डॉक्टर द्वारा महिला से अभद्रता करते हुए देखा और सुना जा सकता है। वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है, जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
थाना प्रभारी, सोहागपुर

### वन विभाग की छापेमारी से हड़कंप

## नगर पालिका परिसर में सरई की लकड़ी का जखीरा





**धनपुरी।** धनपुरी नगर पालिका परिषद एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। इस बार मामला सीधे संरक्षित श्रेणी के सरई (साल) वृक्ष से जुड़ा है। सूचना मिलने के बाद वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पेंद्रे के निर्देश पर बुढ़ार वन परिक्षेत्र की टीम ने नगर पालिका परिसर के ठीक सामने स्थित को-खड़ा (भंडारण स्थल) पर दबिश दी, जहां जांच के दौरान भारी मात्रा में सरई की लकड़ी पाई गई। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है।

कार्रवाई का नेतृत्व रेंजर सलीम खान ने किया, जबकि मौके पर डिप्टी रेंजर कमला वर्मा सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही। टीम ने स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए मौका पंचनामा तैयार किया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मौके पर रखी गई लकड़ी सरई प्रजाति की है, जिसे मध्यप्रदेश में आरक्षित वनों की प्रमुख एवं संरक्षित प्रजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सरई का पेड़ भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा मध्यप्रदेश वनों का विनियमन अधिनियम 1969 के तहत संरक्षित है। बिना वैधानिक अनुमति इसके कटान, परिवहन या भंडारण की अनुमति नहीं है। ऐसे में नगर पालिका जैसे शासकीय निकाय के परिसर के सामने इस तरह का भंडारण कई गंभीर सवाल खड़े करता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यह लकड़ी कहां से लाई गई, किस अनुमति के आधार पर लाई गई और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। वन विभाग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि इस पूरे मामले में नगर पालिका प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा। नोटिस के माध्यम से लकड़ी से संबंधित अनुमति पत्र, स्रोत और उपयोग से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे। यदि संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो यह मामला वन अपराध प्रकरण में परिवर्तित हो सकता है, जिसमें लकड़ी की जब्ती, जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या नगर क्षेत्र में संरक्षित वन संपदा के उपयोग को लेकर नियमों की अनदेखी की जा रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगर पालिका प्रबंधन क्या सफाई देता है और वन विभाग इस मामले में आगे कितनी सख्ती से कदम उठाता है। यह प्रकरण आने वाले दिनों में एक बड़े खुलासे और कड़ी कार्रवाई की ओर इशारा कर रहा है।

# आबकारी विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरे शहडोलवासी



शहडोल।

**जिले में अवैध कच्ची शराब के धंधे से त्रस्त नगरवासियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। वार्ड क्रमांक 26 वंशकार मोहल्ला और मोहनराम तालाब क्षेत्र में लंबे समय से फल-फूल रहे कच्ची शराब के अवैध कारोबार के विरोध में सैकड़ों लोग सडक़ों पर उतर आए। गुस्साए नागरिकों ने आबकारी कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया और विभाग की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला।**

इस आंदोलन की कमान महिलाओं ने संभाली, जिनका कहना था कि शराब ने उनके घरों की खुशियां उजाड़ दी हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र में खुलेआम कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है, लेकिन आबकारी अमला आंख मूंदे बैठा है। अवैध शराब के कारण इलाके में आए दिन मारपीट, गाली-गलौज और घरेलू हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं ने बताया कि शराबी पति और बेटे घर की कमाई शराब में उड़ा रहे हैं, जिससे बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, आवेदन दिए गए, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिले। नतीजा यह हुआ कि शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गए कि वे बेखौफ होकर कारोबार चला रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान उस समय आक्रोश और भडक़ उठा, जब पता चला कि आबकारी अधिकारी कार्यालय में मौजूद ही नहीं हैं। नगरवासियों ने आबकारी विभाग को लिखित शिकायत सौंपते हुए अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, ठिकानों पर छापे मारने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। घेराव के दौरान शराब बंद करो, महिलाओं-बच्चों को बचाओ और आबकारी विभाग होश में आओ जैसे नारे गूंजते रहे। अब सवाल यह है कि क्या यह जनआक्रोश आबकारी विभाग को नींद से जगाएगा या फिर कच्ची शराब का यह जहर यूं ही समाज को खोखला करता रहेगा।

## मेडिकल कॉलेज ने दर्ज की नेत्र चिकित्सा में ऐतिहासिक उपलब्धि



**शहडोल।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में मंगलवार को नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक और मानवीय उपलब्धि दर्ज की गई। यहां पहली बार सफलतापूर्वक कॉर्निया रिट्रीवल की प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे भविष्यात किसी नेत्रहीन व्यक्ति को आंखों की रोशनी मिलने की उम्मीद जगी है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे शहडोल संभाग के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का निधन हो गया था। दुख की इस घड़ी में मृतक के परिजनों ने मानवता का परिचय देते हुए नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान की। इसके बाद महाविद्यालय के नेत्र रोग विभाग की विशेषज्ञ टीम ने कॉर्निया रिट्रीवल की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक संपन्न किया। निकाले गए कॉर्निया को उच्च सुरक्षा मानकों के तहत रीवा स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां परीक्षण और संरक्षण के बाद इसका उपयोग नेत्र प्रत्यारोपण में किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मृतक की पहचान गोपनीय रखी गई है ताकि उनके और उनके परिजनों की निजता एवं सम्मान बना रहे। अधिकारियों ने कहा कि नेत्रदान की सोच रखने वाले परिजनों का सम्मान किया जाएगा और इस विषय को स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंचाने की योजना है। साथ ही आम नागरिकों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक अभियान चलाने पर भी विचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कॉर्निया रिट्रीवल में केवल कॉर्निया ही निकाला जाता है जिससे आंख की बाहरी संरचना सुरक्षित रहती है। एक व्यक्ति के कॉर्निया से दो नेत्रहीन लोगों को रोशनी मिल सकती है। इस उपलब्धि के पीछे महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जी.बी. रामटेके, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणदा शुक्ला, असिस्टेंट प्रो. डॉ. धीरेंद्र पांडे एवं टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खेत में मिली नवजात बच्ची की लाश

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहतरा गांव में उस समय हडक़ंप मच गया, जब गांव से लगे एक खेत में नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला। मासूम की लाश देख ग्रामीणों की रूह कांप उठी और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह दृश्य न केवल दिल दहला देने वाला था, बल्कि समाज के संवेदनहीन चेहरे को भी बेनकाब करने वाला है।ग्रामीणों के अनुसार मोहतरा आईटीआई कॉलेज के पीछे स्थित खेत में काम के दौरान अचानक उनकी नजर नवजात के शव पर पड़ी। खेत में पड़ी मासूम बच्ची की लाश देख लोग सन्न रह गए और देखते ही देखते गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तत्काल गोहपारू थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि नवजात बच्ची की उम्र महज एक से दो दिन के बीच रही होगी। इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि जन्म के तुरंत बाद ही बच्ची को बेरहमी से खेत में फेंक दिया गया। यह कृत्य न केवल अपराध है, बल्कि मानवता पर एक काला धब्बा भी है।पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बच्ची की मौत प्रसव के दौरान हुई या उसकी हत्या की गई। घटना के बाद से मोहतरा गांव में शोक के साथ-साथ गुस्से का माहौल है। लोग इस जघन्य अपराध पर आक्रोश जता रहे हैं और दोषियों को कठोरतम सजा देने की मांग कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या मासूम को इंसाफ मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

**इनका कहना है...**

मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस आस-पास के गांवों में हाल ही में प्रसव कराने वाली महिलाओं की जानकारी जुटा रही है, ताकि इस अमानवीय कृत्य के पीछे के दोषियों तक पहुंचा जा सके।

**राजकुमार मिश्रा**
थाना प्रभारी, गोहपारू

## अर्थशास्त्र विभाग का पीपीटी प्रस्तुति कार्यक्रम संपन्न

### विश्वविद्यालय में अकादमिक अनुशासन और गुणवत्ता पर जोर



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों को मजबूती देने की दिशा में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक सशक्त और अनुशासित शैक्षणिक पहल की गई। मंगलवार 16 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:30 बजे एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलगुरु के मार्गदर्शन एवं समाज विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष तथा अर्थशास्त्र व भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता वाथरे के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ रहीं, जबकि राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूर्णिमा शर्मा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समसामयिक, राष्ट्रीय और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर तथ्यपरक और प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर अपनी शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया। छात्र ज्ञानेंद्र सिंह ने फूड सिक्योरिटी एंड ग्लोबल मार्केट, भावना बर्मन ने नई सदी का भारत, विनय पटेल ने डिजिटल इंडिया, धर्मेंद्र साहू ने जीएसटी तथा वंशिका यादव ने मेक इन इंडिया जैसे विषयों पर तार्किक, शोधपरक और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि प्रो. गीता सराफ ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गहन अध्ययन और गंभीर चिंतन ही ज्ञान की सच्ची कसौटी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मंच से विचार व्यक्त करने की आदत विकसित करने और अकादमिक अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुनीता वाथरे ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, प्रस्तुति कौशल और विषयगत समझ को मजबूत करते हैं। उन्होंने विषयों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. संतोष पुरी, मोहम्मद इस्लाम खान, शोधार्थी आरती कुमारी सहित विभागीय सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजनी सूर्यवंशी ने आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सख्त और सार्थक कदम साबित हुआ।

## लापरवाही छोड़ें वरना सेहत पर पड़ेगा भारी: कलेक्टर

### एनीमिया के खिलाफ फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ हथियार

शहडोल।

एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या से बचाव के लिए अब लापरवाही नहीं, बल्कि जागरूकता और संतुलित आहार अपनाना अनिवार्य है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आयोडीन और आयरन की कमी से रक्त अल्पता बढ़ रही है, जिसका सीधा असर महिलाओं, गर्भवती माताओं, बच्चों और आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे फोर्टिफाइड चावल और डबल फोर्टिफाइड नमक का नियमित उपयोग कर एनीमिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि सम्पूर्ण पोषण और स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किए जा रहे फोर्टिफाइड चावल और नमक को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां पूरी तरह गलत हैं। यह खाद्य पदार्थ केवल कुपोषितों के लिए नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए लाभकारी हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि खून में हीमोग्लोबिन की कमी से शरीर के अंगों तक ऑक्सीजन सही ढंग से नहीं पहुंच पाती, जिससे कमजोरी, चक्कर, सांस फूलना, मानसिक थकान और कार्यक्षमता में गिरावट जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। पलक का पीला पडऩा, होंठों का फटना, नाखूनों का टूटना और पैरों में सूजन एनीमिया के प्रमुख संकेत हैं।



न्यूट्रेशन विशेषज्ञ पवन मूदड़ा ने फोर्टिफाइड चावल को लेकर फैलाए जा रहे प्लास्टिक चावल जैसे भ्रम को सिरे से खारिज किया। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड राइस कार्नेल्स 98 प्रतिशत चावल के आटे और 2 प्रतिशत आवश्यक विटामिन व खनिज से बने होते हैं, जिन्हें सामान्य चावल में मात्र एक प्रतिशत मात्रा में मिलाया जाता है। इसी तरह डबल फोर्टिफाइड नमक में दिखने वाले काले दाने आयरन के कण हैं, न कि गंदगी। कार्यशाला में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को संदेश दिया गया कि यदि एनीमिया से सच में लडऩा है, तो फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों का उपयोग अनिवार्य रूप से अपनाना होगा। यह स्वास्थ्य सुरक्षा का सवाल है, न कि विकल्प का।

### माइक्रो कैपिटल लिमिटेड नामक माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लाखों रुपये का फर्जी ऋण महिलाओं के नाम पर उठवा लिया

# फर्जी स्व-सहायता समूह ऋण मामले में कलेक्टर ने महिलाओं को दिलाई न्याय की उम्मीद

**शहडोल** जिले के गोहपारू तहसील अंतर्गत ग्राम सिलपरी की अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर स्व-सहायता समूह के नाम पर फर्जी ऋण लेने और जबरन वसूली के गंभीर आरोप लगाए। मामला इतना गंभीर था कि जनसुनवाई का समय समाप्त होने के बावजूद कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने महिलाओं को वापस नहीं लौटाया। उन्होंने स्वयं आवेदन लिया, महिलाओं की बातें पूरी संवेदनशीलता से सुनी और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।





महिलाओं ने आवेदन में बताया कि वे गांव में संचालित स्व-सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जिनका संचालन बेला बाई और उनके पति रामप्रसाद सिंह द्वारा किया जाता था। आरोप है कि समूह से जोडऩे और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर महिलाओं से दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया गया। इसके बाद इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड नामक माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लाखों रुपये का फर्जी ऋण महिलाओं के नाम पर उठवा लिया गया। महिलाओं को इसकी जानकारी तब मिली जब वसूली के नोटिस मिलने लगे।

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उन्हें न तो कोई ऋण मिला और न ही इसकी जानकारी दी गई, फिर भी एजेंट लगातार गांव में दबाव बना रहे हैं और नोटिस थमा रहे हैं। इससे महिलाएं मानसिक तनाव और भय में जीवन जीने को मजबूर हैं। कई परिवारों में आर्थिक तंगी और घरेलू विवाद की स्थिति पैदा हो गई है।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और आवेदन मिलते ही अधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा शुरू कर दी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी महिला को अब किसी समूह एजेंट या माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी माइक्रो फाइनेंस कंपनियों और स्व-सहायता समूहों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

महिलाओं के सवाल पर बेला बाई और उनके पति गांव छोडक़र फरार हो गए। कलेक्टर ने पुलिस को उनकी तलाश तेज करने और साइबर सेल को डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषियों को कहीं भी हों, कानून के दायरे में लाया जाएगा।

कलेक्टर की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई ने पीड़ित महिलाओं के चेहरे पर राहत ला दी। यह स्पष्ट संदेश है कि गरीब, ग्रामीण और कमजोर वर्ग के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की यह सक्रियता न केवल न्याय की उम्मीद जगाती है, बल्कि अन्य ग्रामीणों के लिए भी चेतावनी है कि वे किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत दें।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजना का लाभ: चौहान

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने जिला पंचायत उमरिया के सभागार में संपन्न जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न विभागों व्दारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नल जल योजना की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन की खराब स्थिति पर जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह , विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह व्दारा नाराजगी व्यक्त की गई। नल जल योजना की जांच राज्य स्तरीय समिति गठित कर कराने की बात कही। उन्होने कहा कि यह शासन की महत्वाकांछी योजना है, इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए , तथा हर घर नल से जल ग्रामीणों को मिल रहा है या नही,इसकी पुष्टि भी कराई जाए। इसी तरह कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए खाद बीज के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर बताया गया कि किसानो को मंहगे दामो में खाद एवं बीज खरीदना पड़ रहा है । जिस पर जिला प्रभारी मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। धान उपार्जन की समीक्षा के दौरान किसानों से पैसे लेने, बोरो मे ज्यादा धान भरे जाने की शिकायत को गंभीरता से लेने की बात कही तथा निर्देशित किया कि ऐसी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करें।आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि उमरिया जिले में अवैध रूप से बिक रही अवैध शराब पर रोकथाम लगाने हेतु ठेकेदारों पर कार्यवाही की जाए। जिला प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले मे बाल विवाह होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में विगत दो वर्षो में शासन व्दारा निर्धारित राज्य लक्ष्य 48 करोड एवं 63 करोड के विरूध्द 49.82 करोड एवं 76.30 करोड राजस्व प्राप्त किया जाकर शत प्रतिशत से अधिक लक्ष्य की पूर्ति की गई है । जिला सर्व शिक्षा केंद्र की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 60645 बच्चों को निःशुल्क पाठय पुस्तक, गणवेश, 1515 बच्चो को निशुल्क साइकिल, 644 बच्चो को आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश दिया गया है ।इस दौरान उन्होने सहायक आयुक्त सहकारिता, पशुपालन, जन जातीय कार्य विभाग, ई गवर्नेंस, जिला शहरी विकास अभिकरण, आयुष विभाग, जल संसाधन, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागो की भी समीक्षा की । बैठक के अंत में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने आश्वस्त किया कि जिला प्रभारी मंत्री व्दारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए समस्त योजनाओं में प्रगति लाई जाएगी ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, उप संचालक बीटीआर पीके वर्मा, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत करकेली प्रियंका मून सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत मानपुर ममता सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे

## पौधारोपण कर प्रभारी मंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश



**उमरिया।** करकेली विकासखंड के ग्राम अमडी में आयोजित वाटरशेड कार्यक्रम में प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान , विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने फलदार पौधो का रोपण किया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज, जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह, सरपंच सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### वाटरशेड योजनाएं साबित हो रहीं ग्रामीण विकास की रीढ़: प्रभारी मंत्री

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में ग्राम अमड़ी में वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।**









केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। वाटरशेड योजनाएं ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही हैं। इससे क्षेत्र में तालाबों ,नहरों के निर्माण से सिंचित रकबे में वृद्धि हुई है,जिससे किसानों को इससे सीधा लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि युवा कौशल विकास पर जोर दें तथा अपने आप को किसी भी क्षेत्र में कुशल बनाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों के खाते में प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि अंतरित की जा रही है,ताकि महिलाएं आत्म निर्भर बन सकें एवं परिवार का सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि पी एम किसान सम्मान निधि,मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है जिससे किसानों को खाद बीज खरीदने तथा कृषि नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिला है उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने करकेली विकासखंड के ग्राम अमडी में आयोजित वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त राशन प्रदान किया जा रहा है। सरकार की समस्त हितग्रही मूलक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। पशु पालन के माध्यम से ग्रामीण जन अपनी आर्थिक स्थिति में परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। अपने बच्चों को स्कूल निश्चित रूप से भेजे। बच्चे पढ़ लिख कर उच्च पदों को प्राप्त करें,ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। बच्चो के स्कूल जाने से लेकर उनकी पूरी शिक्षा तक का खर्चा प्रदेश सरकार उठा रही है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह ने कहा कि धान, गेहू के साथ साथ तिलहन, दलहन तथा मोटे अनाजों कि भी खेती करे । जिससे किसानों की आय में वृद्धि और मिट्टी की सेहत में सुधार हो सके। केंद्र एवं प्रदेश सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए संकल्पित है। कृषि के क्षेत्र में नित नए नवाचारों के माध्यम से खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में दो वाटरशेड योजना स्वीकृत है, जिसमें अमडी एवं खालेकठई शामिल है। अमडी में कुल स्वीकृत क्षेत्र 4317.00 हे0 है । परियोजना की कुल लागत 949.74 लाख रूपये है । परियोजना के तहत 4 पंचायत शामिल हैं । जिसमे कुल 10 ग्राम अमडी के शामिल है । उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री व्दारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में उमरिया जिला भी शामिल है । योजना के तहत किसान दलहन एवं तिलहन की खेती करें और आय अर्जित करें । कृषि के क्षेत्र में उन्नति लाने के लिए सरकार निरंतर रूप से कार्य कर रही है ।

आसुतोष अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व्दारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना प्रारंभ की गई है, जिसका लक्ष्य 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों में कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। उन्होने ग्रामीणों से आव्हान करते हुए कहा कि गेहू, धान के साथ साथ दलहन एवं तिलहन की खेती करना प्रारंभ करे और अपनी आय को दोगुना करें । केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कृत संकल्पित है । किसानों के चेहरो के खुशहाली आए, यही सरकार का लक्ष्य है ।

कार्यक्रम में ग्राम बिरहुलिया के 15 सदस्यीय दलों व्दारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन के तहत किसानों को बैटरी कम हैंड आपरेटेड नैपसैक स्प्रेयर का वितरण किया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज, जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह, सरपंच, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जेपी साहू बने विश्व सनातन कल्याण संघ के मध्यप्रदेश अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



अनूपपुर विश्व में सनातन मूल्यों के पुनर्जागरण और उन्हें वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यरत विश्व सनातन कल्याण संघ ने संगठन विस्तार करते हुए समाजसेवी जेपी साहू को मध्यप्रदेश युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से प्रदेशभर के सनातन कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। संघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय दादा अयोध्यावासी, राष्ट्रीय संघ संरक्षक राजू दास, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बबीता शर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने जेपी साहू को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा। साहू लंबे समय से सनातन विचारधारा के लिए समर्पित रहकर विभिन्न धार्मिक-आध्यात्मिक यात्राओं एवं अभियानों का नेतृत्व करते रहे हैं। जेपी साहू सनातन एकता यात्रा राम वन गमन पथ एवं पाँच पांडव स्थलों की यात्रा के संयोजक रह चुके हैं। वे माता शबरी श्रीराम रथ यात्रा 2023-24 के मध्यप्रदेश कार्यक्रम प्रभारी, तिरंगा यात्रा 2023-24 के यात्रा संयोजक तथा स्वामी जगन्नाथ कर्मा देवी हेलीकॉप्टर यात्रा के सह प्रभारी भी रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए संघ को विश्वास है कि सनातन कल्याण के कार्यों को नई गति मिलेगी। नियुक्ति पर जेपी साहू ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है।

# पशुओं पर क्रूरता के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।**

16 दिसंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मराहीं की ओर से एक ट्रक में मवेशियों का अवैध एवं क्रूरतापूर्वक परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा बरतराई स्टंट बैंक के सामने मेन रोड पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान ट्रक क्रमांक यूपी 96 टी 5367 को रोका गया। ट्रक चालक पुलिस को देखकर ट्रक छोड़कर झाड़ियों की ओर भाग गया।



ट्रक की तलाशी लेने पर पाया गया कि उसमें 14 नग भैंसा एवं 08 नग भैंसी, कुल 22 नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के अत्यंत क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर परिवहन किया जा रहा था। मौके पर ट्रक कीमत लगभग 15 लाख रुपये एवं 22 नग मवेशी कीमत लगभग 8 लाख रुपये को जप्त किया गया। जप्तशुदा मवेशियों को सुरक्षित रूप से कांजी हाउस में रखवाया गया। इस संबंध में ट्रक मालिक, चालक एवं मवेशियों के मालिक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 340/25 धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा धारा 6(क), 10 मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्तशुदा मवेशियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, प्र.आर. अमित पटेल, राहुल प्रजापति, आर. अनुराग सिंह, अनुराग भार्गव एवं आर. चक्रधर तिवारी का योगदान रहा।

### सरकारी स्कूल के आंगन में सजी कक्का की चौपाल

# बेंच-डेस्क पर बैठे सपनों ने भरी गांव की पाठशाला में नई उम्मीद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**




सीएसआर मद से मिले नए बेंच डेस्क बच्चों की कतारों में सजे थे और उन पर बैठे नीली वर्दी वाले बच्चे उम्मीदों की चमक लिए सामने देख रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के परिचय से हुई। मासूम आवाज़ों में नाम, कक्षा और सपनेकृकोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई शिक्षक। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टोरंट पावर लिमिटेड के अधिकारियों ने बच्चों से सीधा संवाद किया। पानी की उपयोगिता, पढ़ाई-लिखाई की अहमियत, और सांस्कृतिक गतिविधियों पर बच्चों के विचार सुने गए। तालियों और मुस्कानों के बीच यह एहसास गहरा हुआ कि संसाधन मिलें तो प्रतिभा खुद राह बना लेती है। सुशील पाण्डेय (वाइस प्रेसिडेंट) ने बचपन की स्मृतियां साझा कीं। "हाफ पैंट, लकड़ी की पट्टी, छूही और लकड़ी की कलम* साधन कम थे, सीखने की चाह बहुत।" उनकी बातों में आज के बच्चों के लिए संदेश था मेहनत और अनुशासन से सपने सच होते हैं। गांव के बुजुर्ग चक्रधर मिश्रा बोले "पांचवीं तक गांव में पढ़े, फिर कोतमा। खेती का काम भी साथ चलता था। जूते नहीं थे, पर खुशी थी।" उनकी आंखों में संतोष था कि आज के बच्चों के पास पढ़ने के बेहतर अवसर हैं। धीरज सिंह (उप महाप्रबंधक) और ओम प्रकाश नैनीवाल ने भरोसा दिलाया कि "आवश्यक सुविधाएं आगे भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सामुदायिक विकास हमारा निरंतर संकल्प है।" बच्चों की हंसी, सवाल-जवाब की गूंज, शिक्षकों की सजग निगाहें और रंगीन स्कूल भवन सब मिलकर एक उत्सव जैसा परिवेश रच रहे थे। नए फर्नीचर पर बैठकर किताबें खोलते बच्चों के चेहरे बता रहे थे कि यह केवल बेंच डेस्क नहीं, सम्मान और अवसर हैं। कक्का की चौपाल ने यह साबित किया कि जब गांव, कंपनी और समाज एक मंच पर आते हैं, तो शिक्षा केवल पाठ्यक्रम नहीं रहती वह संवाद, संवेदना और सपनों का संगम बन जाती है। प्रभावित गांवों के बच्चों को अच्छी शिक्षा, पर्याप्त संसाधन और खुशहाल वातावरण मिले इसी संकल्प के साथ यह पहल आगे बढ़ती रहेगी।

# चचाई पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 01 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल अमलाई तरफ से अनूपपुर तरफ अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम गठित कर तत्काल बताएं स्थान बाबा कुटी के पास चचाई मेन रोड में पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल होंडा शाइन नंबर सीजी -10 -6802 को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अनिल राठौर पिता देवलाल राठौर उम्र 30 साल निवासी सिवनी थाना जैतहरी का होना बताया मोटरसाइकिल में अवैध शराब परिवहन करना बताया मोटरसाइकिल के दोनों तरफ कपड़े के थैले में दो-दो कार्टून एवं पीछे सीट में साड़ी से लपेटकर बोरी में में 12 बाटल रॉयल चैलेंजर व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 9 लीटर कीमती 13200 बियर 48 सुपर पावर 10000 बियर केन प्रत्येक केन में 500 मि.ली. कुल 24 लीटर कीमती 5760 रूपये 50 पाव ब्लू चिप टैंगो अंग्रेजी शराब कुल 9 लीटर कीमती 6000 दो कार्टून में 50-50 पाव ब्लू चिप जिन सफेद 18 लीटर कीमती 12500 कुल 60 लीटर कीमती 37460 एवं मोटरसाइकिल होंडा शाइन सीजी-10- 6802 कीमती 65000 एवं एक मोबाइल फोन कीमती 15000 कुल कीमती 1,17,460 रूपये मौके से आरोपी से जप्त कर अवैध मादक पदार्थ शराब परिवहन करने के संबंध में दस्तावेज चाहा गया जो नहीं होना बताया जो धनपुरी शराब दुकान के गद्दीदार द्वारा कमीशन में बिक्री करने हेतु देना बताया है। उक्त आरोपी को धारा 34(2), 39 (ए), 42 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया, और आरोपी उपरोक्त एवं धनपुरी दुकान गद्दीदार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 261/25 धारा 34(2),39(ए) ,42 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त दिनांक को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था तथा गद्दीदार/मैनेजर फरार था जिसे 14 दिसम्बर को धनपुरी नंबर 1 कंपोजिट शराब दुकान ठेकेदार दिग्विजय सिंह के गद्दीदार सत्येंद्रकांत तिवारी पिता लक्ष्मीकांत तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 धनपुरी को उक्त शराब दुकान से गद्दीदार को दस्तयाब पूछताछ किया गया जो 1 अक्टूबर को कमीशन में आरोपी अनिल राठौर को करीबन 60 लीटर अवैध शराब बिक्री हेतु देना बताया था जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह, उप निरीक्षक राघव बागरी, प्रधान आरक्षक विकास, आरक्षक विवेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# चुनावी रैली की आपसी रंजिश की कड़वाहट में लोक अदालत ने घोली मिठास

**हरिभूमि न्यूज कोतमा**



लोक अदालत में कोतमा न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमनदीप सिंह छाबड़ा के समक्ष एक पुराने आपराधिक प्रकरण का सौहार्दपूर्ण ढंग से निराकरण किया गया। यह मामला वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा हुआ था, जो पिछले लगभग 7 वर्षों से न्यायालय में लंबित चला आ रहा था। थाना बिजुरी के ग्राम बेलिया छोट में एक पार्टी की जीत के उपरांत निकाली गई विजय रैली के दौरान आपसी रंजिश के कारण उत्पन्न विवाद ने आगे चलकर मारपीट, गाली-गलौच एवं धमकी का रूप ले लिया, जिसके बाद मामले में दर्ज प्रकरण नियमित न्यायालयीन प्रक्रिया में चला और लंबे समय तक मुकदमा चलने के कारण दोनों पक्षों को लगातार समय, धन एवं मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था। लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान न्यायाधीश छाबड़ा के मार्गदर्शन में दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित हुआ। न्यायालय के प्रयासों से पक्षकारों ने आपसी सहमति से समझौता किया, जिसके पश्चात प्रकरण का विधिवत निपटारा किया गया। न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा की भूमिका में किया गया यह सौहार्दपूर्ण समाधान लोक अदालत की प्रभावशीलता तथा वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली की सफलता का एक उल्लेखनीय उदाहरण माना जा रहा है, जिसने समाज में शांतिपूर्ण समाधान और भाईचारे का सकारात्मक संदेश दिया।

# नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था से नहीं मिल पा रही निजात

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**




नागरिकों को नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था से निजात नहीं मिल पा रहा है हालत यह हो गए हैं कि प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिसके कारण स्कूली बच्चों की बसे एंबुलेंस एवं यात्री बसों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर के बस स्टैंड के आगे स्थित स्टेट बैंक के सामने प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है इसका मुख्य कारण है कि स्टेट बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को अपने वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े करने पड़ते हैं जिसके कारण प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतारे लगी रहती हैं। सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण वहां से गुजरने वाली यात्री बसों के साथ ही स्कूली बसों एवं एंबुलेंस में ले जाए जा रहे मरीज के साथ ही जाम का सामना करना पड़ता है। जबकि स्टेट बैंक के द्वारा जब किराए से भवन लिया गया था तो उसमें एग्रीमेंट में यह बात मकान मालिक के द्वारा लिखित में दिया गया था कि हम पार्किंग की व्यवस्था भी करेंगे लेकिन आज तक स्टेट बैंक पार्किंग की व्यवस्था नहीं बना पाई। पूर्व में नगर पालिका जरूर इस विषय पर गंभीर हुई थी और बैंक को नोटिस भी जारी किया गया था लेकिन समय गुजरने के साथ ही नगर पालिका के अधिकारी भी शांत हो गए उन्हें भी आम नागरिकों एवं लोगों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है।

## नहीं दे रही यातायात विभाग भी ध्यान

पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान के द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए फुनगा यातायात हाईवे चौकी के पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी सप्ताह में 2 दिन लगाए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन यातायात विभाग भी नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण आए दिन मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से नगर की बे लगाम हो चुकी यातायात

# रोशन पनारिया फिर बने मंडल अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**



भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा रोशन पनारिया को पुनः मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अमरकंटक मंडल में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में भाजपा पदाधिकारी अंबिका प्रसाद तिवारी, रामगोपाल द्विवेदी, राहुल पांडेय, अंजना कटारे, बबीता सिंह, उषा पांडेय, सुनील मिश्रा, वंदना मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी, रूपेश द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि रोशन पनारिया के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में मजबूती आएगी। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में मंडल संगठन और अधिक सशक्त होगा। रोशन पनारिया ने पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

खबर संक्षेप

## बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराएगी सरकार।

**ब्यौहारी।** व्यवहारी विकासखंड के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत इस बार मध्य प्रदेश सरकार बुजुर्गों को सोमनाथ एवं द्वारिकाधीश की यात्रा कराएगी ईसके आवेदन लिए जा रहे हैं जनपद पंचायत ब्यौहारी- में शाखा प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि 7 जनवरी तक हमारे पास आवेदन जमा करें। तीर्थ यात्रा 21 जनवरी को शहडोल से प्रारंभ होगी यात्रा में भोजन चाय नाश्ता एवं किराया निशुल्क रहेगा जिनकी उम्र 60 वर्ष पूर्ण हो गई है वह यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं आवेदक यदि पति पत्नी सांथ जाना चाहते हैं तो पत्नी को उम्र 2 वर्ष की छूट मिलेगी इसके अलावा जो 65 वर्ष के है वह अपने साथ सहायक भी ले जा सकते हैं आवेदन जनपद पंचायत में कार्यालय समय 10: 30 बजे से 5:00 बजे तक शाखा प्रभारी के पास लिए जा रहे हैं।

## संभागयुक्त ने पुनरीक्षण कार्यवाही का किया निरीक्षण

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रगतिरत है। संभागायुक्त (रोल प्रेक्षक) जबलपुर द्वारा जबलपुर एवं कटनी जिले में भ्रमण कर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यवाही का बी.एल.ओ स्तर पर निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01/01/2026 के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के कार्य की समीक्षा हेतु संभाग के 5 जिलो जबलपुर, मण्डला, कटनी, नरसिंहपुर, एवं डिण्डौरी हेतु संभागायुक्त जबलपुर को रोल प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। संभागायुक्त द्वारा कटनी जिले के विधानसभा क्षेत्र- 94 (बहोरीबंद) के मतदान केन्द्र 146, 147, 148 के बी.एल.ओ स्तर पर संबंधित बी.एल.ओ से फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण में अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी पात्र मतदाताओं को जोडने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए, बी.एल.ए एवं स्थानीय लोगो के माध्यम से फार्म - 6 एवं फार्म 8 संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी तथा संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सुबह 9 बजे तक छाया रहा कोहरे का असर, पारा 7 डिग्री पर पहुंचा

# अमलाई में घना कोहरा एनएच-43 पर दृश्यता शून्य

**अमलाई।** ओपीएम अमलाई क्षेत्र में गुरुवार सुबह घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया। सुबह करीब 9 बजे तक हालात ऐसे रहे कि राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पूरी तरह कोहरे की चादर में ढका नजर आया। सड़क पर कुछ ही मीटर की दूरी पर दृश्यता न के बराबर रही, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में अचानक आई ठंडक के चलते न्यूनतम तापमान गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। घने कोहरे के कारण एनएच-43 पर स्ट्रीट लाइटें भी धुंध में गुम नजर आईं। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने एहतियातन धीमी गति से वाहन चलाए।स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि सामने से आ रहे वाहन भी दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे हादसे की आशंका बनी रही। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक सुबह और रात के समय इसी तरह कोहरा छाए रहने की संभावना है। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान फॉग लाइट का प्रयोग करें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और अनावश्यक यात्रा से बचें।





## मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर बकहो में कार्यक्रम

**अमलाई।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सफल कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल बकहो द्वारा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक जय सिंह मरावी, जिला मंत्री सौरभ गोले, जिला कोषाध्यक्ष बंटी, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे, मंडल प्रभारी रविकांत चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र जैन, लक्ष्मण गौतम, प्रदीप शर्मा, पार्षद रामशरण, सुनीता यादव सहित मंडल उपाध्यक्ष बृजेंद्र द्विवेदी, पिंटू मिश्रा, मंडल मंत्री आशीष मिश्रा, मंडल महामंत्री जसविंद सिंह, मंडल सह सोशल मीडिया प्रभारी रवि गिरी, अशोक चौरसिया तथा मंडल कार्यसमिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन मंडल कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता के निवास पर किया गया, जहां सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के दो वर्षों के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की नीतियों और योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं विधायक जय सिंह मरावी ने मंडल बकहो के विकास में मुख्यमंत्री के योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ, जिसमें मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।

## राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता को लेकर प्रशासन सख्त

### कलेक्टर ने मैदान से लेकर व्यवस्थाओं तक कसा शिकंजा



**शहडोल।** आगामी 19 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाली 14 वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि देशभर से आने वाले खिलाड़ी और कोच शहडोल से अच्छी यादें लेकर लौटें, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतियोगिता स्थलों को व्यवस्थित किया जाए, खेल मैदानों की मरम्मत, मार्किंग और बैरिकेटिंग का कार्य समय रहते पूर्ण किया जाए। आयोजन स्थल पर अनुशासन, सुरक्षा और सुव्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

खिलाडियों और कोचों की सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने विशेष सख्ती दिखाई। ठहरने की व्यवस्था, स्वच्छ और गुणवत्ता युक्त भोजन, पेयजल, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। ठंड को देखते हुए रुकने वाले स्थलों पर अलाव, रजाई-कंबल, गर्म वस्त्र और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि खिलाडियों को समय पर बसों के माध्यम से खेल मैदान तक पहुंचाया जाए और भोजन सामग्री की नियमित जांच कर गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। स्वास्थ्य सुविधा को लेकर भी मेडिकल टीम और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अभ्यास कर रहे बास्केटबाल खिलाडियों से संवाद किया, उनके उत्साह की सराहना की और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि संभागीय मुख्यालय शहडोल में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 30 टीमों के 358 खिलाड़ी भाग लेंगे। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि यह आयोजन जिले की प्रतिष्ठा से जुड़ा है और इसमें किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।

### जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 3700 रूपए नकदी जब्त

**कटनी।** रंगनाथनगर पुलिस ने डन कालोनी में एक निर्माणाधीन मकान में चल रहे जुआफड़ में दबिश देकर 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये जुआरियों के पास से तास के 52 पत्ते एवं 3700 रूपये नकदी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार जुआ खेलते जिन व्यक्तियों को पकड़ा गया है उनमें सौरभ जैन पिता राजेश जैन 28 साल निवासी महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड सिविल लाईन, (2) पवन सोनी पिता लल्लू सोनी 28 साल निवासी गाटरघाट आजाद चौक,(3) अनमोल अग्रवाल पिता प्रकाश चंद अग्रवाल 34 साल निवासी सुभाष चौक, अमित सोनी पिता स्व.पुरूषोत्तम सोनी 38 साल निवासी पन्ना मोड बालकृष्ण परमहंस वार्ड शामिल हैं।

## मंडी में किसानों को नहीं हो किसी भी प्रकार की समस्याः नागर

### प्रभारी मंत्री ने खरीदी केंद्र न्यू सब्जी मंडी का किया औचक निरीक्षण

**उमरिया।** प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने जिला मुख्यालय उमरिया के न्यू सब्जी मंडी मे बनाए गए खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा किसानों से रूबरू चर्चा करते हुए खरीदी केंद्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की,जिस पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया। जिला प्रभारी मंत्री ने प्रबंधक को खरीदी केंद्र स्थल पर बारदाना, पीने के पानी, बिजली व्यवस्था,मौसम खराब होने की स्थिति में तिरपाल की व्यवस्था, रात में रुकने की स्थिति में टेंट, कंबल, अलाव आदि की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि खरीदी के पश्चात परिवहन की व्यवस्था की जाए,



ताकि समय रहते धान यथा स्थान तक पहुंच सके । निरीक्षण के दौरान प्रबंधक ने बताया कि अब तक 17 हजार क्विटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज, आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## विकास एवं निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



**उमारिया।** प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह तथा कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम अमड़ी में आयोजित वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम के दौरान 8 विकाश कार्यो का भूमिपूजन तथा 4 निर्माण कार्यो का लोकापर्ण किया। इस दौरान उन्होंने 34.91 लाख रूपये से बनने वाले 8 खेत तालाब का भूमिपूजन एवं 19.07 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो चुके खेत तालाब का लोकापर्ण किया । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह,सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रभारी एस डी एम कमलेश नीरज,आसुतोष अग्रवाल,अर्जुन सिंह सैयाम , सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




## जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में प्रेस कान्फ्रेंस संपन्न

### प्रभारी मंत्री ने दो वर्ष की उपलब्धियों की दी जानकारी

**उमरिया।** मप्र सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत सभागार उमरिया में संपन्न प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने दो वर्षो में हुई प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश का निरंतर से विकास हुआ है। प्रदेश सरकार व्दारा मप्र के विभिन्न जिलो में रिजनल इन्वेस्टर्स कान्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया । प्रदेश में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन हुआ है । गरीब कल्याण के तहत गरीब कल्याण मिशन प्रारंभ किया गया। अधोसंरचना विकास के तहत प्रदेश के नगरो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की गई । मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत



8565 ग्राम सडको से जुड गये है । इसके साथ ही उर्जा, सिंचाई एवं पेयजल, आधुनिक नगरीय विकास, बदली ग्रामीण विकास की दिशा, खुशहाली की ओर अन्नदाता, गौ संरक्षण, सशक्त होती महिलाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य , सुशासन तथा सांस्कृतिक अभ्युदय के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी । उन्होने बताया कि उमरिया जिले में विगत दो वर्षो में लाडली बहना के तहत दो लाख से अधिक महिलाओ को लाभांवित किया गया है । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस में 15931 हितग्राहियो को लाभ दिया गया है जिसमें से 9020 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं। मनरेगा योजना के तहत एक बगिया मां के नाम अंतर्गत 300 महिलाओ को लाभांवित करने के लक्ष्य में 234 हितग्राहियों का चयन कर तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग व्दारा 112 एकल नल जल योजनाएं पूरी कर ली गई है । 13827 घरो में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए गए । पीव्हीटीजी योजना में 98 बसाहटो मे कार्य पूर्ण किया जाकर पेयजल प्रदाय किया जा रहा है । इसी तरह सहकारिता विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, उद्योग विभाग तथा जल संसाधन विभाग मे विगत दो वर्षो मे हुई उपलब्धि की जानकारी दी । पत्रकारवार्ता में जिला प्रभारी मंत्री से पत्रकारों व्दारा पूछे गये सवालों का जवाब दिया। पत्रकारवार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

## प्राकृतिक खेती कर किसान अधिक लाभ करें अर्जितः प्रभारी मंत्री

### जिला प्रभारी मंत्री ने जैविक हाट बाजार का फीता काटकर किया शुभारंभ

**जिला प्रभारी मंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का किया अवलोकन**

**उमरिया।** प्राकृतिक खेती एक रसायन-मुक्त कृषि प्रणाली है जो मिट्टी और पर्यावरण के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक तरीकों का उपयोग करती है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बजाय गाय के गोबर, मूत्र, गुड़ और बेसन से बने जीवामृत, बीजामृत, और घन जीवामृत जैसे जैविक आदानों का उपयोग किया जाता है, जिससे लागत कम होती है और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। यह कृषि-



पारिस्थितिकी पर आधारित है और फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है, जिससे टिकाऊ और लागत प्रभावी खेती संभव होती है। उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कृषि उपज मंडी में आयोजित जैविक हाट बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग फसलों पर करते आ रहे है। जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो चुकी है



एवं भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में भी बदलाव हो रहे है जो किसानो के लिए काफी नुकसानदायक है। उन्होने आव्हान किया कि सभी किसान प्राकृतिक खेती को अपनाने का प्रयास करें । इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं व्दारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने किया । इस अवसर पर विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, आसुतोश अग्रवाल सहित बडी संख्या में कृषक उपस्थित रहे ।

डिप्टी डायरेक्टर बनकर देते थे ठगी को अंजाम, अब पहुंचे सलाखों के पीछे

# कोतमा पुलिस ने आनलाइन फ्राड गैंग को दबोचा

**ट्रांसफर का आश्वासन देकर दूसरों के खाते में डलवाते थे रकम**

**4 मोबाइल, 4 सिम कार्ड, पासबुक, एटीएम व 50 हजार जप्त**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल व उनकी टीम ने आनलाइन ठगी करने वाले बदमाशों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गये बदमाशों से फ्राड की राशि 50 हजार, मोबाइल फोन. 4 सिम कार्ड, पासबुक, एटीएम कार्ड भी जप्त की गई है। इस मामले के बाद लोगों को विशेष सतर्क हो जाने की जरूरत है क्योंकि ऐसे फ्राड यहां भी हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



13 दिसंबर को जीवन सिंह पाव पिता महादेव पाव निवासी गोहन्ड्रा ने थाना कोतमा मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं गोहन्ड्रा में कियोस्क बैंक तथा आनलाइन की दुकान चलाता हूं। 9 दिसंबर को अर्जुन चौधरी निवासी सिलपुर मेरी दुकान आया मुझसे बोला कि मेरे खाता मे पैसा है, किसी को मुझे नगद पैसा देना है जिसके लिये मुझे कैश चाहिए। तब मै अपना क्यू आर कोड (स्केनर) यूपीआई आईडी अर्जुन चौधरी को दिया वह अपने मोबाईल से 50,000 रूपये मेरे मोबाईल पर ट्रान्जेक्शन किया। मैने 50,000 रूपये अर्जुन चौधरी को नगद 9 दिसंबर को शाम करीब 8 बजे पैसा दिया। फिर अगले दिन मेरा एसबीआई खाता काम नही कर रहा था तब मैने अपने खाते को चेक किया जिसमें बैलेन्स नही बताने पर मै 12 दिसंबर को भारतीय स्टेट बैंक कोतमा जाकर बैंक में पता किया तो बैंक वाले बताये कि आपके खाते में किसी ने आनलाईन फ्राड का पैसा ट्रान्सफर किया है जिस कारण आपके खाते में होल्ड लग गया है। आप नजदीकी थाने पर सूचना दीजिये। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 318(4), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान बैंक तथा साइबर सेल से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि जिला शाजापुर के थाना सूजालपुर मंडी अन्तर्गत संदीप भट्ट नाम के व्यक्ति के साथ आरोपियों ने आनलाइन फ्राड करते हुए उसका 50,000 रूपये महेश बैगा नामक व्यक्ति के खाते में ट्रासफर कराया है, जिसे बाद में कियोस्क संचालक जीवन सिंह पाव के खाते में ट्रांसफर कराकर नगद पैसा निकाला है। जिस पर साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत करने पर महेश बैगा तथा कियोस्क संचालक जीवन सिंह पाव के खाते में होल्ड लगा है। आरोपी अर्जुन चौधरी निवासी सिलपुर को पकड़ कर पूछताछ से उसने बताया कि महेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम उरतान हाल निवासी वार्ड नंबर 07 कोतमा के साथ मिलकर यह दोनो ही इस फर्जीवाडे को अंजाम देते है। इसके लिए पंचायत दर्पण पोर्टल से दूरस्थ जिलों की पंचायतों के सरपंच और सचिवो का मोबाईल नम्बर प्राप्त करते है इसके बाद सरपंच व सचिवो से मोबाईल पर बात कर स्वयं को राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के अधिकारी बताकर एएनएम तथा सीएचओ का मोबाइल नम्बर प्राप्त करते है। फिर फर्जी नम्बरों से उन एएनएम तथा सीएचओ से बात करके स्वयं को राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के डिप्टी डायरेक्टर अधिकारी बताकर उन्हे ट्रान्सफर का आश्वासन देकर उनसे आनलाइन राशि खातों में ट्रांसफर कराते है। इसके लिए दूरदराज के गांव से अनपढ़ लोगों से नजदीकी बनाकर उनका बैंक खाता तथा उनके नाम की सिम ले लेते है तथा इन खातों का संचालन स्वयं करके इन्ही खातों में इस आनलाइन फ्राड का पैसा ट्रांसफर करवाते है। बाद में इस राशि को कियोस्क बैंको मे जाकर नगद राशि की आवश्यकता बताकर उनके खातों में आनलाइन ट्रांसफर करके कियोस्क से नगदी राशि प्राप्त कर लेते है। आरोपी अर्जुन चौधरी पिता कोदूलाल चौधरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम सिलपुर थाना कोतमा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10,000 रूपये नगद तथा 05 नग एटीएम कार्ड, पासबुक तथा 03 मोबाइल फोन जप्त किये गये। मास्टर माइन्ड आरोपी महेन्द्र तिवारी पिता शेषमणि तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम उरतान हाल निवासी वार्ड नं. 07 कोतमा को भी गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 01 मोबाइल फोन तथा फ्राड करके निकाली गई नगद राशि 40,000 रूपये जप्त किया गया है। थाना सुजालपुर मंडी जिला शाजापुर से सम्पर्क कर इस मामले के मूल पीडित संदीप भट्ट निवासी भानपुरा जिला मंदसौर का मोबाईल नम्बर प्राप्त कर उससे घटना की जानकारी ली गई है। जिसके द्वारा घटना की पुष्टि करते हुए स्वयं के साथ आनलाइन फ्राड होना बताया गया। जिस पर थाना सुजालपुर मंडी को भी कार्यवाही हेतु सूचित किया गया।

### आदतन जालसाज का एक और कारनामा

आरोपी महेन्द्र तिवारी आदतन जालसाज है जिसके विरूद्ध धारा 420 भादवि के पांच मामले पूर्व से पंजीबद्ध है साथ ही उक्त आरोपी अर्जुन चौधरी के साथ धारा 420 भादवि के मामले में वर्ष 2023 में थाना बम्हनी जिला मंडला से जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों से और भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के साथ उपनिरीक्षक श्यामलाल मरावी, सहायक उपनिरीक्षक सुखीनंद यादव, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी, आरक्षक अभय त्रिपाठी, जितेन्द्र, महेश साहू तथा साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार की मुख्य भूमिका रही है।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने एसपी सहित पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

**आयोजन में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित 11 थानों के अधिकारी हुये शामिल**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले की बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। अपराधों का तत्परता से निराकरण तथा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में अनूपपुर पुलिस की मेहनत और तत्परता सराहनीय है। आपसी समन्वय से कार्य करने पर बेहतर परिणाम सामने आते हैं। वे राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर द्वारा होटल गोविंदम के सभागार में आयोजित पुलिस अधीक्षक सहित 11 थानों के पुलिस अधिकारियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि सकारात्मक कार्यक्रमों से समाज में अच्छा संदेश जाता है। प्रशासन, पुलिस और पत्रकारों के समन्वय से कार्यों में गुणवत्ता आती है। कार्य करने वाले कर्मियों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है और वे नई ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसिंग का कार्य 24 घंटे सातों दिन का होता है। सड़क, कोर्ट, अस्पताल सहित हर जगह जनता की सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा पुलिस का दायित्व है। वर्तमान समय में साइबर और डिजिटल अपराध बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं, जिनसे निपटने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है, ताकि जनता का भरोसा पुलिस के प्रति बना रहे। उन्होंने मीडिया और पुलिस के समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कई जटिल कार्य आसान हो जाते हैं। उन्होंने अपराध विवेचना में उत्कृष्ट कार्य कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए अनूपपुर पुलिस अमले की सराहना की तथा मध्यप्रदेश के नक्सल-मुक्त होने को बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने प्रकाश डाला।

### एसपी सहित अन्य अधिकारी हुये सम्मानित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को राष्ट्रपति द्वारा प्राप्त पुलिस वीरता पदक के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन कर शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कोतवाली निरीक्षक अनूपपुर अरविंद जैन को अपराधों का 95.98 प्रतिशत निराकरण, प्रभावी प्रतिबंधात्मडक कार्यवाही, सीएम हेल्पनलाईन शिकायतों के त्वारित निराकरण, थाना प्रभारी जैतहरी अमर वर्मा को माईनर एक्टक में प्रभावी कार्यवाही, चचाई थाना प्रभारी सुन्रें श सिंह मरावी को नारकोटिक्सत एक्टा में प्रभावी कार्यवाही 4 प्रकरणों में 89.923 किलोग्राम गांजा कीमत 9 लाख 77 हजार 574 रूपये, थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्भवर सिंह को स्थानई वारण्टों में सर्वाधिक तामीली, थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक को गुम नाबालिग बालक, बालिकाओं की दस्त्याबी 95.45 प्रतिशत एवं कुटुंब न्यारयालय से प्राप्तल वसूली वारंटों की 69.57 प्रतिशत तामीली, थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्लार को 173 (8) जा.फौ. के अपराधों का सर्वाधिक निराकरण/सर्वाधिक जिला बदर की कार्यवाही हेतु, थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह को लंबित चालानों का त्वलरित निराकरण, थाना प्रभारी राजेन्द्राग्राम पी.सी. कोल को लंबित मर्ग प्रकरणों का सर्वाधिक निराकरण, थाना प्रभारी अमरकंटक लाल बहादुर तिवारी को कानून व्युवस्थान नियंत्रण एवं व्हीसव्हीरआईपी ड्यूटी, थाना प्रभारी करनपठार वीरेन्द्रा बरकड़े को लंबित शिकायतों के त्वुरित निराकरण एवं समन तामीली एवं थाना प्रभारी महिला थाना राकेश उईके को महिला संबंधी अपराधों के निकाल एवं रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त संकल्प ग्रुप के संचालक अंकित शुक्ला, जिपं पीआरओ अमित श्रीवास्तव एवं सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया।

# हत्या के आरोपी को बिजुरी पुलिस ने 12 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



15 दिसम्बर को लगभग 17.00 बजे ग्राम कोठी में एक व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु हत्या की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर थाना बिजुरी पुलिस मौके पर पहूंची जहां पर मृतक का नाम अब्दुल आजाद पिता जब्बार बख्श उम्र 75 वर्ष निवसी कोटी का होना पाया गया मौके का निरीक्षण करने पर मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए प्रथम दृष्टया मामला हत्या का पाया गया घटना के सबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों की सूचना पर थाना बिजुरी में अपराध क्र. 417/25 धारा 103(1) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए टीम गठीत कीगई जो भौतिक साक्ष्य एवं घटना के चश्दीद साक्षियों के कथनानुसार घटना क्रम की जांच की गई मौके से आवश्यक साक्ष्य रक्त रंजिस वस्त्र एवं अन्य साक्ष्य सुरक्षित कर शव पंचायतनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भेजा गया। प्राथमिक विवेचना में यह बात प्रकाश में आई कि मृतक अपनी बकरियों को चराने आरोपी की बाडी जमीन में ले जाता था जिस कारण दोनो के बीच कहा सुनी हुआ करती थी। 15 दिसम्बर को शाम 16.40 बजे मृतक अपनी बकरियों को चराने के लिए आरोपी की जमीन में ले गया था इसी बात को लेकर आरोपी राजू पाव पिता जग्गू पाव उम्र 28 वर्ष निवासी कोठी के द्वारा कुल्हाडी के पांसा से मृतक के सिर पर मारकर उसकी हत्या कर दी। विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर आरोपी राजू पाव निवासी कोठी को 16 दिसम्बर ग्राम कोठी से अभिरक्षा में लेकर सख्ती एवं कानूनी प्रावधानो के अनुरुप पूछताछ किया गया़ जिसमे आरोपी द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया एवं आरोपी के द्वारा बताए गए स्थान से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी बरामत होने पर विधिवत जप्त की गयी है। इस प्रकार वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व मे बिजुरी पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी राजू पाव पिता जग्गू पाव उम्र 28 वर्ष निवासी कोठी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जाता है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, सउनि बृजेश पाण्डेय, आर विश्वजीत मिश्रा, रवि सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, रामनिवास गुर्जर, अभिषेक शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# मंत्री के बाद बेटी भी निकली नर्मदा परिक्रमा पर दो साल में पूरी होगी मां नर्मदा की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



जिले अमरकंटक की पावन धरती से सोमवार को एक ऐसी यात्रा शुरू हुई है, जो सिर्फ आस्था की नहीं, बल्कि प्रकृति, कला और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनने जा रही है। मां नर्मदा के उद्गम स्थल से मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की बेटी प्रतिज्ञा सिंह पटेल ने 1330 किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा का विधिवत शुभारंभ किया है। पवित्र नगरी अमरकंटक की पावन धरती मां नर्मदा के उद्गम स्थल से मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की बेटी प्रतिज्ञा सिंह पटेल ने 1330 किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा की विधिवत शुरुआत की। पिता के बाद अब बेटी ने भी नर्मदा मैया की परिक्रमा का संकल्प लिया है, लेकिन इस परिक्रमा की खासियत यह है कि लगभग दो वर्षों तक चलने वाली इस यात्रा में प्रतिज्ञा सिंह नर्मदा नदी का परिक्रमा करेगी। इस संपूर्ण यात्रा को वे करीब 7 किलोमीटर लंबी विशेष पेंटिंग में रूपांतरित करेंगी। हर 150 किलोमीटर की यात्रा एक किलोमीटर की पेंटिंग में उकेरी जाएगी। वहीं अमरकंटक और ओंकारेश्वर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए विशेष चित्रांकन किया जाएगा। यह नर्मदा परिक्रमा एक संदेश है। आस्था तभी पूरी होती है, जब उसमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण शामिल हो।

# तुलसी कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार तथा श्रीमती माया विश्वलाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के मार्गदर्शन में एवं विनोद कुमार वर्मा सचिव के नेतृत्व एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा तुसली कॉलेज परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदेश्य छात्र-छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों की जानकारी दिया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के द्वारा म.प्र. पीडित प्रतिकर योजना बालको के विरूद्ध लैंगिक शोषण अधिनियम) मध्यस्थता) महिला एवं बाल संरक्षण कानून सहित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सहायता) विधिक सलाह) नालसा की बच्चों मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता योजना इत्यादि की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को अपना उदेश्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी। श्रीमति प्रभा सिंह राठौर प्रभारी अधिकारी मनो विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों में बढते आत्महत्या की रोकथाम की संबंध में विभिन्न उपायों की जानकारी दी साथ ही लघु फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को अवसाद) चिन्ता) कमजोरी तनाव होने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में स्थापित मनः केन्द्र में आने की सलाह दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीरज श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। उक्त अवसर पर शासकीय तुलसी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. तुलसी रानी पटेल व डॉ. तरन्नुम सुश्री इन्द्रावती सिंह डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ. राजेश कोल सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण आज से

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए पशुपालकों से गृह भेंट कर नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य को व्यापक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 17 दिसंबर से प्रारंभ होगा। द्वितीय चरण के इस अभियान की अवधि सात दिन से 15 दिन रखी गयी है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा उनकी आय को दुगनी करने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे अभियान में पांच से 9 गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जायेगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि द्वितीय चरण के अभियान में दिशा निर्देशों का पालन करते हुए विभागीय अधिकारी, मैत्री, गौसेवक, पशुसखी एवं अन्य का तिथिवार व ग्रामवार रूटचार्ट तैयार कर दैनिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा है कि अभियान के प्रथम चरण में चयनित पशुपालकों द्वारा द्वितीय चरण में अन्य पशुपालकों को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के संबंध में जागरूक किया जाय।

आबादी क्षेत्र मे फिर बढ़ी भालुओं की गतिविधियां

# लोगों में डर का माहौल, तुरंत ठोस कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



*वन परिक्षेत्र अंतर्गत भालुओं की इन दिनों आबादी क्षेत्र में लगातार आवाजाही बनी हुई है। भालू के आतंक के कारण जहां लोग डर के साए में है वही जंगल एवं रात के समय घर के पीछे बाड़ी जाने से घबराने लगे हैं। सोमवार की रात 9 बजे के लगभग भालू अपने शावक के साथ वार्ड क्रमांक 10 पतेरा टोला में रत्नेश उपाध्याय की बाड़ी में देखा गया। घनी आबादी क्षेत्र में भालू के विचरण से पूरे नगर में हलचल तेज हो गई। भालू को देखने एवं कैमरे में कैद करने लोगों की भारी भीड़ एकत्र होने लगी। वार्ड में ही 10 से 15 मिनट तक धमाचौकड़ी करने के बाद भालू जंगल की ओर चला गया। सूचना वन विभाग एवं पुलिस को दिए जाने के बाद वन विभाग की टीम द्वारा वार्ड में पहुंचकर भालू की सर्चिंग की जो की रात में नहीं देखा गया, वहीं दूसरी ओर रात 11 बजे के लगभग भालू को श्रमिक नगर खेपी टोला होकर हाइवे पार कर सकोला बस्ती में देखा गया। जिसके बाद रात के अंधेरे में कुछ लोगों के द्वारा भालू पर पथराव एवं लोहे के धारदार हथियार फेंक कर भी मारे जाने की खबर बताई जा रही है। हमले से घायल भालू जंगल की ओर भाग गया, वही सड़क पर जानवर का खून गिरा रहा जिसे मंगलवार की सुबह लोगों ने रेत डालकर मिटाने का प्रयास किया। लगातार भालू की सक्रियता कोतमा नगर व उसके आसपास के गांव में देखी जा रही है। भालू के आए दिन देखे जाने से बड़ी अनहोनी की आशंका से लोग भय में हैं, वहीं वन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं सुरक्षा और गस्ती के दावों की पोल खोल रही है। नागरिकों का कहना है कि भालू की लगातार बाजार एवं आबादी क्षेत्र में गतिविधियां चिंताजनक है। भालू को वन विभाग के द्वारा सतत निगरानी करते हुए जंगल की ओर सुरक्षित खदेड़ दिया जाए अन्यथा किसी दिन बड़ी घटना भी हो सकती है। वन विभाग के रेंजर हरीश तिवारी का कहना है कि भालू की सूचना के बाद क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। जो लगातार डोला, कोतमा, जमुना, हरद, गोविंदा एवं कल्याणपुर बीट में गस्त कर रहे हैं। लगातार भालू के बाजार में आने से नागरिकों में डर बना हुआ है लोगों ने वन विभाग के डीएफओ से प्रभावी निगरानी व्यवस्था सहित भालुओं को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़े जाने की मांग की है।*

# प्रभारी मंत्री ने बोरी बंधान कार्य में किया श्रमदान



**उमरिया। जल ही जीवन है तथा जल हमारे जीवन का अभिन्न अंग भी है। जल संरक्षण की दिशा में सरकार के साथ साथ आम जनों को भी आगे आना होगा, तभी हम आने वाली पीढी के लिए जल बचा पाएंगे । उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने करकेली विकासखंड के ग्राम अमडी में उमरार नदी में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किए ।**

उन्होने कहा कि जल के बिना मानव जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। बोरी बंधान के हो जाने पर इसका लाभ ग्रामीणों सहित मवेशियों को मिलेगा । बोरी बंधान कार्यक्रम पूर्णतः सामूहिक सहयोग पर केन्द्रित है, जिसमें लोगों का सहयोग ही इसे सफल बना सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल संरक्षण और जल संवद्र्धन को लेकर बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । अभियान अंतर्गत गाँव-गाँव में मौजूद जल-स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, साफ-सफाई की जा रही है । ग्रामीण जन इस अभियान में बढ़-चढक़र सम्मिलित हों और अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि जल हमारी जरूरत का प्रमुख अंग है और इसका संचय कर ही हम भविष्य की आवश्यकता को सहेज सकते हैं। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज,जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, आसुतोष अग्रवाल,सरपंच सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# निर्वाचन प्रेक्षक ने तैयारी संबंधी कार्य का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उप निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी पी. एल.सोलंकी जनपद पंचायत अनूपपुर तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय पहुंच कर उप निर्वाचन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने रिक्त जनपद सदस्य पद तथा रिक्त पंच पदों के उप निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र तथा उप निर्वाचन तैयारियों जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी उप निर्वाचन संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, रिटर्निंग ऑफिसर ईश्वर प्रधान, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आदेश टोप्पो, जनपद पुष्पराजगढ के रिटर्निंग ऑफिसर संजय जाट सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ज्ञानदास पनिका सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 16 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 29 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 29 दिसम्बर को ही मतगणना होगी। जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 02 जनवरी 2026 को होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को होगी। ज्ञात हो कि उप निर्वाचन में अनूपपुर जिले में 1 जनपद पंचायत सदस्य एवं 16 पंच पद के लिये मतदान होगा।